रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 913] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 1, 2003/आश्विन 9, 1925
No. 913] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 1, 2003/ASVINA 9, 1925

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

अधिसूचना

मुम्बई, 1 अक्तूबर, 2003

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2003

का.आ. 1154(अ).— बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1\. (i) इन विनियमों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 2003 कहा जा सकेगा ।

(ii) वे राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2\. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 में -

क. विद्यमान अनुसूची III के लिए, निम्नलिखित अनुसूची III प्रतिस्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"*अनुसूची III*

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992

[विनियम 13]

मर्चेंट बैंककारों के लिए आचार संहिता

1\. मर्चेंट बैंककार विनिधानकर्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए समस्त प्रयास करेगा ।

2. मर्चेंट बैंककार इसके कारबार के संचालन में सत्यनिष्ठा, गरिमा और औचित्य के उच्च मानक बनाये रखेगा ।

3. मर्चेंट बैंककार तत्पर, सदाचारिक और वृत्तिक रीति में इसकी बाध्यताओं को पूरा करेगा ।

4. मर्चेंट बैंककार सभी समयों पर सम्यक तत्परता बरतेगा, समुचित सतर्कता सुनिश्चित करेगा और स्वतंत्र वृत्तिक निर्णय का प्रयोग करेगा ।

5. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि -

   क. विनिधानकर्ताओं से पूछताछों पर पर्याप्त रूप से कार्यवाही की जाती है ;
   ख. विनिधानकर्ताओं की शिकायतों को यथासमय और समुचित रीति में दूर किया जाता है ;
   ग. जहाँ शिकायत का उपचार तत्परता से नहीं किया जाता है, तो विनिधानकर्ता को किन्हीं अगले उपायों की सूचना दी जाती है जो विनियामक प्रणाली के अधीन विनिधानकर्ता को उपलब्ध हों ।

6. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि पर्याप्त प्रकटीकरण निवेशकों को लागू विनियमों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार यथासमय रीति में किये जाते हैं ताकि वे संतुलित और सूचित विनिश्चय करने में समर्थ बन सकें ।

7. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि विनिधानकर्ताओं को कोई भ्रामक या बढ़ा-चढ़ाकर दावे या कोई दुर्व्यपदेशन किये बिना सत्य और पर्याप्त जानकारी उपलब्ध करायी जाती है और कोई विनिधान विनिश्चय लेने से पहले तत्संबद्ध जोखिमों की जानकारी दी जाती है ।

8. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि विवरण पत्रिका (प्रॉस्पेक्टस), प्रस्ताव दस्तावेज, प्रस्ताव पत्र या किसी अन्य संबंधित साहित्य की प्रतियाँ निर्गम या प्रस्ताव के समय विनिधानकर्ताओं को उपलब्ध करायी जाती हैं ।

9. मर्चेंट बैंककार इसके ग्राहकों में विभेद नहीं करेगा, इसके सिवाय और इसे छोड़कर कि सदाचारिक और वाणिज्यिक बातों पर ।

10. मर्चेंट बैंककार कोई कथन नहीं करेगा, या तो मौखिक या लिखित, जो उन सेवाओं का दुर्व्यपदेशन करेगा जिन्हें कि मर्चेंट बैंककार किसी ग्राहक के लिए करने में समर्थ है या ने किसी ग्राहक को दी हैं ।

11. मर्चेंट बैंककार हित संघर्ष से बचेगा और उसके हित का पर्याप्त प्रकटीकरण करेगा ।

12. मर्चेंट बैंककार किसी हित संघर्ष की स्थिति जो इसके कारबार के संचालन में पैदा हो सकती हो का निवारण करने के लिए एक व्यवस्था निर्धारित करेगा या जहाँ कोई हित संघर्ष पैदा होता है, तो इसका निवारण करने मे लिए साम्यापूर्ण रीति में युक्तियुक्त कदम उठायेगा ।

13. मर्चेंट बैंककार ग्राहक को मर्चेंट बैंककार के रूप में कार्य करने के दौरान होनेवाले कर्तव्य एवं हित संघर्ष के इसके संभव स्रोत या संभाव्य क्षेत्रों का समुचित प्रकटीकरण करेगा जो ऋजु, उद्देश्यप्रद और अपक्षपाती सेवाएँ देने में इसकी योग्यता को ह्रासित करेंगे ।

14. मर्चेंट बैंककार सदैव ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव सलाह देने का प्रयास करेगा उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ।

15. मर्चेंट बैंककार किसी को चाहे मौखिक रूप से या लिखित रूप से, प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत:, इसके ग्राहकों के बारे में कोई गोपनीय जानकारी जो इसकी जानकारी में आ गयी हो, इसके ग्राहकों की पूर्व अनुज्ञा लिये बिना प्रकट नहीं करेगा सिवाय इसके कि जहाँ ऐसे प्रकटीकरण तत्समय प्रवृत्त किसी विधि की अनुपालना में किये जाने अपेक्षित हों ।

16. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति में किसी परिवर्तन / बोर्ड द्वारा की गई किसी शास्तिक कार्रवाई या मर्चेंट बैंककार की वित्तीय प्रास्थिति में किसी तात्विक परिवर्तन, जो ग्राहकों / विनिधानकर्ताओं के हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता हो की सूचना ग्राहकों को तत्परता से दी जाती है और शेष बकाया कोई कारबार एक अन्य रजिस्ट्रीकृत मध्यवर्ती को प्रभावित ग्राहकों के किन्हीं अनुदेशों के अनुसार अंतरित कर दिया जाता है।

17. मर्चेंट बैंककार किसी अऋजु प्रतियोगिता में लिप्त नहीं होगा, यथा ग्राहकों को उच्चतर प्रीमियम या फायदेमंद प्रस्ताव कीमत के आश्वासन पर विमुख करना या जिससे अन्य मर्चेंट बैंककारों या विनिधानकर्ताओं के हितों को अपहानि होने की संभावना है या ऐसे अन्य मर्चेंट बैंककारों के प्रतिकूल स्थिति में आ जाने की संभावना है किसी कर्तव्यभार हेतु प्रतियोगिता या के निष्पादन के समय ।

18. मर्चेंट बैंककार इसके मर्चेंट बैंककारी क्रियाकलाप और किसी अन्य क्रियाकलाप के बीच समुचित दूरी का संबंध बनाये रखेगा ।

19. मर्चेंट बैंककार के पास आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएँ और वित्तीय तथा प्रचालनगत क्षमताएँ होंगी जो इसके प्रचालनों, इसके ग्राहकों, विनिधानकर्ताओं और अन्य रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं (एंटिटीज) को चोरी, कपट, और अन्य बेईमानी के कृत्यों, वृत्तिक अवचार या लोपों से उद्भूत वित्तीय हानि से संरक्षित करने के लिए युक्तियुक्त रूप से प्रत्याशित हो सकती हैं ।

20. मर्चेंट बैंककार बोर्ड को प्रस्तुत किन्हीं दस्तावेजों, रिपोर्टों या जानकारी में कोई असत्य कथन नहीं करेगा या कोई तात्विक तथ्य नहीं छिपायेगा ।

21. मर्चेंट बैंककार ज्ञान और सक्षमता का समुचित स्तर बनाये रखेगा और अधिनियम, उसके अधीन बनाये गये विनियमों, परिपत्रों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के उपबंधों का पालन करेगा, जो इसके द्वारा किये गये क्रियाकलापों के प्रति लागू और सुसंगत हों । मर्चेंट बैंककार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अधिनिर्णायक) विनियम, 2003 के अधीन पारित अधिनिर्णायक के पंचाट का भी अनुपालन करेगा ।

22. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड को बोर्ड की या किसी अन्य विनियामक निकाय की किसी विधि, नियमों, विनियमों, और निदेशों के किसी तात्विक भंग या की इसके द्वारा अननुपालना की बाबत इसके खिलाफ शुरु की गई किसी कार्रवाई, विधिक कार्यवाहियों आदि की सूचना तत्परता से दी जाती है ।

23.

(क) मर्चेंट बैंककार या इसके कर्मचारियों में से कोई, प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत:, किसी सार्वजनिक रूप से पहुंचयोग्य मीडिया में किसी प्रतिभूति के बारे में कोई विनिधान सलाह, चाहे वास्तविक समय या अवास्तविक समय आधार पर नहीं देगा, जब तक कि इसके हित का प्रकटीकरण जिसमें उक्त प्रतिभूति में बिक्री से अधिक खरीद या खरीद से अधिक बिक्री सम्मिलित है न किया गया हो, ऐसी सलाह देते समय ।

(ख) मर्चेंट बैंककार के कर्मचारी द्वारा ऐसी सलाह दिये जाने की दशा में, मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि ऐसा कर्मचारी स्वयं के, उसके आश्रित पारिवारिक सदस्यों और नियोक्ता मर्चेंट बैंककार के हितों, यदि कोई हों, जिसमें उक्त प्रतिभूति में उनकी बिक्री से अधिक खरीद या खरीद से अधिक बिक्री सम्मिलित है का भी प्रकटीकरण करेगा, ऐसी सलाह देते समय ।

24. मर्चेंट बैंककार इसके द्वारा नियुक्त विभिन्न मध्यवर्तियों की जिम्मेदारियों का अभ्यंकन स्पष्ट रूप से करेगा ताकि उनके कार्य-विवरण में कोई विरोध या भ्रम से बचा जा सके ।

25. मर्चेंट बैंककार इसके अनुपालना अधिकारी को अनुपालना अधिकारी के कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता और शक्तियाँ देगा ।

26. मर्चेंट बैंककार इसके आंतरिक प्रचालनों को नियंत्रित करने और इसके कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिए उनके कर्तव्यों को निभाने में समुचित संचालन के इसके मानकों को अधिकथित करने के लिए इसकी स्वयं की आंतरिक आचार संहिता विकसित करेगा । ऐसी संहिता वृत्तिक उत्कर्ष तथा मानकों, सत्यनिष्ठा, गोपनीयता, उद्देश्यप्रदता, हित संघर्ष से बचाव या का निवारण, शेयरधारिताओं तथा हितों के प्रकटीकरण आदि को बनाये रख सकेगी ।

27. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि अच्छी कंपनी (निगम) नीतियाँ और कंपनी शासन उपलब्ध हो ।

28. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि कोई व्यक्ति जिसे यह कारबार संचालन के लिए नियोजित या नियुक्त करता है उपयुक्त तथा उचित है और अन्यथा इस प्रकार नियोजित या नियुक्त (जिसमें सुसंगत वृत्तिक प्रशिक्षण या अनुभव रखने वाला सम्मिलित है) हैसियत में कार्य करने के लिए अर्हित है ।

29. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि इसके पास तत्परतापूर्वक पर्यवेक्षण करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं और यह इसके कारबार के संचालन में इसके द्वारा नियोजित या नियुक्त व्यक्तियों का तत्परतापूर्वक पर्यवेक्षण करता है, प्रतिभूति बाजार में व्यौहारों की बाबत ।

30. मर्चेंट बैंककार इसके कारबार के संचालन की बाबत इसके कर्मचारियों और एजेंटों के कृत्यों या लोपों के लिए जिम्मेदार होगा ।

31. मर्चेंट बैंककार सुनिश्चित करेगा कि ज्येष्ठ प्रबंधन, विशिष्टतया विनिश्चयकर्ताओं को यथासमय आधार पर कारबार के बारे में समस्त सुसंगत जानकारी तक पहुंच हो ।

32. मर्चेंट बैंककार -

क. मिथ्या बाजार के सृजन ;
ख. कीमत हेरफेर या छलसाधन ; या
ग. प्रतिभूतियों जो किसी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं या सूचीबद्ध किये जाने के लिए प्रस्तावित हैं की बाबत अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी प्रतिभूति बाजार में किसी व्यक्ति या मध्यवर्ती को देने

में पक्षकार नहीं होगा या के लिए अभिकरण नहीं होगा । "

[फा. सं. भाप्रविबो/विधि/18339/2003]
ज्ञानेन्द्र नाथ बाजपेयी, अध्यक्ष

पाद टिप्पण :

1. मूल विनियम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992, फा.सं. 20/15/एसई/92, 22 दिसम्बर 1992 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था ।

2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) विनियम, 1992 तत्पश्चात् :

(क) 7 सितम्बर, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1995, सं. का.आ. 396(अ), द्वारा

(ख) 28 नवम्बर, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का संदाय) (संशोधन) विनियम, 1995, सं. का.आ. 939(अ), द्वारा

(ग) 6 जून, 1996 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1996, फा.सं. भाप्रविबो/एलई-I/9/95, द्वारा

(घ) 9 दिसम्बर, 1997 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1997, सं. का.आ. 837 (अ), द्वारा

(ङ) 21 जनवरी, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1999, सं. का.आ. 74 (अ), द्वारा

(च) 30 सितम्बर, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (संशोधन) विनियम, 1999, सं. का.आ. 799 (अ), द्वारा

(छ) 17 नवम्बर, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंककार) (दूसरा संशोधन) विनियम, 1999, सं. का.आ. 1119 (अ), द्वारा

(ज) 28 मार्च 2000 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण को अपील) (संशोधन) विनियम, 2000, सं. का.आ. 278 (अ), द्वारा

(झ) 29 मई, 2001 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यवर्तियों द्वारा विनिधान सलाह) (संशोधन) विनियम, 2001, सं. का.आ. 476(अ), द्वारा

(ञ) 27 सितम्बर, 2002 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (जांच अधिकारी द्वारा जांच करने और शास्ति अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2002, सं. का.आ. 1045(अ), द्वारा

संशोधित हुआ था ।

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

NOTIFICATION

Mumbai, the 1st October, 2003

Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 2003

S.O. 1154(E).— In exercise of the powers conferred by section 30 of the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992), the Board hereby makes the following regulations further to amend the Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Regulations, 1992, namely:-

1. (i) These regulations may be called the Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 2003.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Regulations, 1992-

a. For the existing Schedule III, the following schedule III shall be substituted, namely : -

"Schedule III

Securities and Exchange Board of India
(Merchant Bankers) Regulations, 1992
[Regulation 13]

CODE OF CONDUCT FOR MERCHANT BANKERS

1. A Merchant Banker shall make all efforts to protect the interests of investors.
2. A Merchant Banker shall maintain high standards of integrity, dignity and fairness in the conduct of its business.
3. A Merchant Banker shall fulfill its obligations in a prompt, ethical, and professional manner.
4. A Merchant Banker shall at all times exercise due diligence, ensure proper care and exercise independent professional judgment.
5. A Merchant Banker shall endeavor to ensure that-
   a. inquiries from investors are adequately dealt with;
   b. grievances of investors are redressed in a timely and appropriate manner;
   c. where a complaint is not remedied promptly, the investor is advised of any further steps which may be available to the investor under the regulatory system.

6. A Merchant Banker shall ensure that adequate disclosures are made to the investors in a timely manner in accordance with the applicable regulations and guidelines so as to enable them to make a balanced and informed decision.
7. A Merchant Banker shall endeavor to ensure that the investors are provided with true and adequate information without making any misleading or exaggerated claims or any misrepresentation and are made aware of the attendant risks before taking any investment decision.
8. A Merchant Banker shall endeavor to ensure that copies of the prospectus, offer document, letter of offer or any other related literature is made available to the investors at the time of issue or the offer.
9. A Merchant Banker shall not discriminate amongst its clients, save and except on ethical and commercial considerations.
10. A Merchant Banker shall not make any statement, either oral or written, which would misrepresent the services that the Merchant Banker is capable of performing for any client or has rendered to any client.
11. A Merchant Banker shall avoid conflict of interest and make adequate disclosure of its interest.
12. A Merchant Banker shall put in place a mechanism to resolve any conflict of interest situation that may arise in the conduct of its business or where any conflict of interest arises, shall take reasonable steps to resolve the same in an equitable manner.
13. A Merchant Banker shall make appropriate disclosure to the client of its possible source or potential areas of conflict of duties and interest while acting as Merchant Banker which would impair its ability to render fair, objective and unbiased services.
14. A Merchant Banker shall always endeavor to render the best possible advice to the clients having regard to their needs.
15. A Merchant Banker shall not divulge to anybody either orally or in writing, directly or indirectly, any confidential information about its clients which has come to its knowledge, without taking prior permission of its clients, except where such disclosures are required to be made in compliance with any law for the time being in force.
16. A Merchant Banker shall ensure that any change in registration status / any penal action taken by the Board or any material change in the Merchant Banker's

financial status, which may adversely affect the interests of clients / investors is promptly informed to the clients and any business remaining outstanding is transferred to another registered intermediary in accordance with any instructions of the affected clients.

17. A Merchant Banker shall not indulge in any unfair competition, such as weaning away the clients on assurance of higher premium or advantageous offer price or which is likely to harm the interests of other Merchant Bankers or investors or is likely to place such other Merchant Bankers in a disadvantageous position while competing for or executing any assignment.

18. A Merchant Banker shall maintain arms length relationship between its merchant banking activity and any other activity.

19. A Merchant Banker shall have internal control procedures and financial and operational capabilities which can be reasonably expected to protect its operations, its clients, investors and other registered entities from financial loss arising from theft, fraud, and other dishonest acts, professional misconduct or omissions.

20. A Merchant Banker shall not make untrue statement or suppress any material fact in any documents, reports or information furnished to the Board.

21. A Merchant Banker shall maintain an appropriate level of knowledge and competence and abide by the provisions of the Act, regulations made thereunder, circulars and guidelines, which may be applicable and relevant to the activities carried on by it. The merchant banker shall also comply with the award of the Ombudsman passed under Securities and Exchange Board of India (Ombudsman) Regulations, 2003.

22. A Merchant Banker shall ensure that the Board is promptly informed about any action, legal proceedings etc., initiated against it in respect of material breach or non compliance by it, of any law, rules, regulations, directions of the Board or of any other regulatory body.

23. (a) A Merchant Banker or any of its employees shall not render, directly or indirectly, any investment advice about any security in any publicly accessible media, whether real-time or non real-time, unless a disclosure of his interest including a long or short position, in the said security has been made, while rendering such advice.

(b) In the event of an employee of the Merchant Banker rendering such advice, the merchant banker shall ensure that such employee shall also disclose the interests, if any, of himself, his dependent family members and the employer

merchant banker, including their long or short position in the said security, while rendering such advice.

24. A Merchant Banker shall demarcate the responsibilities of the various intermediaries appointed by it clearly so as to avoid any conflict or confusion in their job description.

25. A Merchant Banker shall provide adequate freedom and powers to its compliance officer for the effective discharge of the compliance officer's duties.

26. A Merchant Banker shall develop its own internal code of conduct for governing its internal operations and laying down its standards of appropriate conduct for its employees and officers in carrying out their duties. Such a code may extend to the maintenance of professional excellence and standards, integrity, confidentiality, objectivity, avoidance or resolution of conflict of interests, disclosure of shareholdings and interests etc.

27. A Merchant Banker shall ensure that good corporate policies and corporate governance are in place.

28. A Merchant Banker shall ensure that any person it employs or appoints to conduct business is fit and proper and otherwise qualified to act in the capacity so employed or appointed (including having relevant professional training or experience)

29. A Merchant Banker shall ensure that it has adequate resources to supervise diligently and does supervise diligently persons employed or appointed by it in the conduct of its business, in respect of dealings in securities market.

30. A Merchant Banker shall be responsible for the acts or omissions of its employees and agents in respect of the conduct of its business.

31. A Merchant Banker shall ensure that the senior management, particularly decision makers have access to all relevant information about the business on a timely basis.

32. A Merchant Banker shall not be a party to or instrumental for -

    a. creation of false market;

    b. price rigging or manipulation or;

    c. passing of unpublished price sensitive information in respect of securities which are listed and proposed to be listed in any stock exchange to any person or intermediary in the securities market.

[F. No. SEBI/LAD/DOP/18339/2003]

GYANENDRA NATH BAJPAI, Chairman

Foot Note :

1. The principal regulations Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Regulations, 1992 was published in Official Gazette of India on 22nd December, 1992 vide F.No. 20/15/SE/92.
2. The Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) Regulations, 1992 was subsequently amended :
   (a) on 7th September, 1995 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 1995 vide No. S.O. 396 (E);
   (b) on November 28, 1995 by Securities and Exchange Board of India (Payment of Fees) (Amendment) Regulations, 1995 vide No. S.O. 939 (E);
   (c) on June 6, 1996 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers)(Amendment) Regulations, 1996 vide F.No. SEBI/LE-I/9/95;
   (d) on December 9, 1997 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 1997 vide No. S.O. 837 (E);
   (e) on January 21, 1999 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 1999 vide No. S.O. 74 (E).
   (f) on September 30, 1999 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Amendment) Regulations, 1999 vide No. S.O. 799(E).
   (g) on November 17, 1999 by Securities and Exchange Board of India (Merchant Bankers) (Second Amendment) Regulations, 1999 vide No. S.O. 1119 (E).
   (h) on March 28, 2000 by Securities and Exchange Board of India (Appeal to Securities Appellate Tribunal) (Amendment) Regulations, 2000 vide No. S.O. 278 (E).
   (i) on May 29, 2001 by Securities and Exchange Board of India (Investment Advice by Intermediaries) (Amendment) Regulations, 2001 vide No. S.O. 476 (E).
   (j) on September 27, 2002 by Securities and Exchange Board of India (Procedure for Holding Enquiry by Enquiry Officer and Imposing Penalty) Regulations, 2002 vide No. S.O. 1045 (E).

****

अधिसूचना

मुम्बई, 1 अक्तूबर, 2003

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 2003

का.आ. 1155(अ).— बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) विनियम, 1993 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. (i) इन विनियमों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 2003 कहा जा सकेगा ।

(ii) वे राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) विनियम, 1993 में -

क. विद्यमान अनुसूची III के लिए, निम्नलिखित अनुसूची III प्रतिस्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"अनुसूची III

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(डिबेंचर न्यासी) विनियम, 1993

[विनियम 16]

आचार संहिता

1. डिबेंचर न्यासी डिबेंचर धारकों के हितों का संरक्षण करने के लिए समस्त प्रयास करेगा।

2. डिबेंचर न्यासी इसके कारबार के संचालन में सत्यनिष्ठा, गरिमा और औचित्य के उच्च मानकों को बनाये रखेगा।

3. डिबेंचर न्यासी तत्पर, सदाचारिक और वृत्तिक रीति में इसकी बाध्यताओं को पूरा करेगा ।

4. डिबेंचर न्यासी सभी समयों पर सम्यक तत्परता बरतेगा, समुचित सतर्कता सुनिश्चित करेगा और स्वतंत्र वृत्तिक निर्णय का प्रयोग करेगा ।

5. डिबेंचर न्यासी इसके प्रत्येक ग्राहक की सही और पूरी पहचान, और प्रत्येक ग्राहक की वित्तीय स्थिति स्थापित करने के लिए सभी युक्तियुक्त उपाय करेगा, और उसका अभिलेख बनाये रखेगा।

6. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति में किसी परिवर्तन / बोर्ड द्वारा की गई किसी शास्तिक कार्रवाई या वित्त में किसी तात्विक परिवर्तन जो ग्राहकों / डिबेंचरधारकों के हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकता हो की सूचना ग्राहकों को तत्परता से दी जाती है और शेष बकाया कोई कारबार एक अन्य रजिस्ट्रीकृत मध्यवर्ती को प्रभावित ग्राहकों के किन्हीं अनुदेशों के अनुसार अंतरित कर दिया जाता है।

7. डिबेंचर न्यासी हित संघर्ष से बचेगा और इसके हित का पर्याप्त प्रकटीकरण करेगा ।

8. डिबेंचर न्यासी किसी को चाहे मौखिक रूप से या लिखित रूप से, प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः, इसके ग्राहकों के बारे में कोई गोपनीय जानकारी जो इसकी जानकारी में आ गयी हो, इसके ग्राहकों की पूर्व अनुज्ञा लिये बिना प्रकट नहीं करेगा सिवाय इसके कि जहाँ ऐसे प्रकटीकरण तत्समय प्रवृत्त किसी विधि की अनुपालना में किये जाने अपेक्षित हों ।

9. डिबेंचर न्यासी किसी हित संघर्ष की स्थिति जो इसके कारबार के संचालन में पैदा हो सकती हो का निवारण करने के लिए एक व्यवस्था निर्धारित करेगा या जहाँ कोई हित संघर्ष पैदा होता है, तो इसका निवारण करने मे लिए साम्यापूर्ण रीति में युक्तियुक्त कदम उठायेगा ।

10. डिबेंचर न्यासी ग्राहक को डिबेंचर न्यासी के रूप में कार्य करने के दौरान होनेवाले कर्तव्य एवं हित संघर्ष के इसके संभव स्रोत या संभाव्य क्षेत्रों का समुचित प्रकटीकरण करेगा जो ऋजु, उद्देश्यप्रद और अपक्षपाती सेवाएँ देने में इसकी योग्यता को ह्रासित करेंगे ।

11. डिबेंचर न्यासी किसी अऋजु प्रतियोगिता में लिप्त नहीं होगा, जिससे अन्य डिबेंचर न्यासियों या डिबेंचरधारकों के हितों को अपहानि होने की संभावना है या ऐसे अन्य डिबेंचर न्यासियों के प्रतिकूल स्थिति में आ जाने की संभावना है किसी कर्तव्यभार हेतु प्रतियोगिता या के निष्पादन के समय, न ही यह निम्नतर फीस के आश्वासन पर अन्य न्यासियों के ग्राहकों को विमुख करेगा।

12. डिबेंचर न्यासी इसके ग्राहकों में विभेद नहीं करेगा, इसके सिवाय और इसे छोड़कर कि सदाचारिक और वाणिज्यिक बातों पर ।

13. डिबेंचर न्यासी ग्राहक कंपनियों के संबंध में इसके पास उपलब्ध जानकारी का रजिस्ट्रीकृत साख निर्धारण एजेंसियों के साथ आदान प्रदान करेगा।

14. डिबेंचर न्यासी ग्राहकों और डिबेंचर धारकों को इसके कारबार के बार में पर्याप्त और समुचित जानकारी देगा, जिसमें संपर्क संबंधी ब्यौरे, ग्राहकों को उपलब्ध सेवाएँ, और

कर्मचारियों की पहचान तथा हैसियत और इसकी ओर से कार्य कर रहे अन्य जिनसे ग्राहक को संपर्क करना हो सकेगा शामिल है।

15. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि डिबेंचर धारकों को पर्याप्त प्रकटीकरण ग्राह्य और यथासमय रीति में किये जाते हैं ताकि संतुलित और सूचित विनिश्चय करने में समर्थ बन सकें ।

16. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि -

क. डिबेंचरधारकों से पूछताछों पर पर्याप्त रूप से कार्यवाही की जाती है ;

ख. डिबेंचरधारकों की शिकायतों को यथासमय और समुचित रीति में दूर किया जाता है ;

ग. जहाँ शिकायत का उपचार तत्परता से नहीं किया जाता है, तो डिबेंचरधारक को किन्हीं अगले उपायों की सूचना दी जाती है जो विनियामक प्रणाली के अधीन डिबेंचर धारक को उपलब्ध हों ।

17. डिबेंचर न्यासी दुर्व्यपदेशन से बचने के लिए युक्तियुक्त प्रयास करेगा और सुनिश्चित करेगा कि डिबेंचरधारकों को प्रदान की गयी जानकारी भाम्रक नहीं है।

18. डिबेंचर न्यासी ज्ञान और सक्षमता का समुचित स्तर बनाये रखेगा और अधिनियम, विनियमों, परिपत्रों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के उपबंधों का पालन करेगा। डिबेंचर न्यासी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अधिनिर्णायक) विनियम, 2003 के अधीन पारित अधिनिर्णायक के पंचाट का भी अनुपालन करेगा ।

19. डिबेंचर न्यासी बोर्ड को प्रस्तुत किन्हीं दस्तावेजों, रिपोर्टों, कागजपत्रों या जानकारी में कोई असत्य कथन नहीं करेगा या कोई तात्विक तथ्य नहीं छिपायेगा ।

20. डिबेंचर न्यासी या इसके निदेशकों, साझेदारों या प्रबंधक में से कोई जिसके पास कारबार के कामकाज का संपूर्ण या पर्याप्त रूप से संपूर्ण प्रबंधन हो, या तो इसके खाते या उनके अपने अपने खातों के माध्यम से या उनके सहयुक्तों या पारिवारिक सदस्यों, नातेदारों या मित्रों के माध्यम से किसी अंतरंग व्यापार में लिप्त नहीं होगा ।

21. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड को बोर्ड की या किसी अन्य विनियामक निकाय की किसी विधि, नियमों, विनियमों निदेशों के किसी तात्विक भंग या की इसके द्वारा अननुपालना की बाबत इसके खिलाफ शुरु की गई किसी कार्रवाई, विधिक कार्यवाहियों आदि की सूचना तत्परता से दी जाती है ।

22. (क) डिबेंचर न्यासी या उसके कर्मचारियों में से कोई, प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत:, सार्वजनिक रूप से पहुंचयोग्य मीडिया में किसी प्रतिभूति के बारे में कोई विनिधान सलाह, चाहे वास्तविक समय या अवास्तविक समय आधार पर नहीं देगा, जब तक कि उसके हित का प्रकटीकरण जिसमें उक्त प्रतिभूति में बिक्री से

अधिक खरीद या खरीद से अधिक बिक्री सम्मिलित है न किया गया हो, ऐसी सलाह देते समय ।

(ख) यदि, डिबेंचर न्यासी का कर्मचारी ऐसी सलाह दे रहा है, तो डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि वह [redacted] के हित, उसके आश्रित पारिवारिक सदस्यों और नियोक्ता के भी हित का प्रकटीकरण जिसमें उक्त प्रतिभूति में उनकी बिक्री से अधिक खरीद या खरीद से अधिक बिक्री सम्मिलित है देता है, ऐसी सलाह देते समय।

23. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि कोई व्यक्ति जिसे यह कारबार संचालन के लिए नियोजित या नियुक्त करता है उपयुक्त तथा उचित है और अन्यथा इस प्रकार नियोजित या नियुक्त (जिसमें सुसंगत वृत्तिक प्रशिक्षण या अनुभव रखने वाला सम्मिलित है) हैसियत में कार्य करने के लिए अर्हित है ।

24. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि इसके पास तत्परतापूर्वक पर्यवेक्षण करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं और यह इसकी ओर से कारबार का संचालन करने के लिए इसके द्वारा नियोजित या नियुक्त व्यक्तियों का तत्परतापूर्वक पर्यवेक्षण करता है ।

25. डिबेंचर न्यासी के पास आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएँ और वित्तीय तथा प्रचालनगत क्षमताएँ होंगी जो इसके प्रचालनों, इसके ग्राहकों, डिबेंचरधारकों और अन्य रजिस्ट्रीकृत संस्थाओं (एंटिटीज) को चोरी, कपट, और अन्य बेईमानी के कृत्यों, वृत्तिक अवचार या लोपों से उद्भूत वित्तीय हानि से संरक्षित करने के लिए युक्तियुक्त रूप से प्रत्याशित हो सकती हैं।

26. डिबेंचर न्यासी इसके कारबार के संचालन की बाबत इसके कर्मचारियों और एजेंटों के कृत्यों या लोपों के लिए जिम्मेदार होगा ।

27. डिबेंचर न्यासी इसके अनुपालना अधिकारी को इसके कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता और शक्तियाँ देगा ।

28. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि ज्येष्ठ प्रबंधन, विशिष्टतया विनिश्चयकर्ताओं को यथासमय आधार पर कारबार के बारे में समस्त सुसंगत जानकारी तक पहुंच हो ।

29. डिबेंचर न्यासी सुनिश्चित करेगा कि अच्छी कंपनी (निगम) नीतियाँ और कंपनी शासन उपलब्ध हो।

30. डिबेंचर न्यासी इसके आंतरिक प्रचालनों को नियंत्रित करने और इसके कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिए उनके कर्तव्यों को निभाने में समुचित संचालन के इसके मानकों को अधिकथित करने के लिए इसकी स्वयं की आंतरिक आचार संहिता विकसित करेगा । ऐसी संहिता वृत्तिक उत्कर्ष तथा मानकों, सत्यनिष्ठा, गोपनीयता, उद्देश्यप्रदता, हित संघर्ष से बचाव, शेयरधारिताओं तथा हितों के प्रकटीकरण आदि को बनाये रख सकेगी ।

31. डिबेंचर न्यासी -

क. मिथ्या बाजार के सृजन ;

ख. कीमत हेरफेर या छलसाधन ;

ग. प्रतिभूतियों जो किसी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं या सूचीबद्ध किये जाने के लिए प्रस्तावित हैं की बाबत अप्रकाशित कीमत संवेदनशील जानकारी किसी व्यक्ति या मध्यवर्ती को देने

में पक्षकार नहीं होगा । "

[फा. सं. भाप्रविबो/विधि/18336/2003]

ज्ञानेन्द्र नाथ बाजपेयी, अध्यक्ष

पाद टिप्पण :

1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) विनियम, 1993, सं. सेबी/एलई/12/93, 29 दिसम्बर, 1993 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे ।

1. यह तत्पश्चात् -

(क) 28 नवंबर, 1995 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (फीस का संदाय) (संशोधन) विनियम, 1995, का.आ. सं. 939 (अ), द्वारा

(ख) 5 जनवरी, 1998 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 1998, का.आ. सं. 16 (अ), द्वारा

(ग) 30 सितम्बर, 1999 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 1999, का.आ. सं. 795 (अ), द्वारा

(घ) 17 फरवरी, 2000 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 2000, का.आ. सं. 135 (अ), द्वारा

(ङ) 28 मार्च, 2000 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण को अपील) (संशोधन) विनियम, 2000, का.आ. सं. 278 (अ), द्वारा

(च) 29 मई, 2001 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मध्यवर्तियों द्वारा विनिधान सलाह) (संशोधन) विनियम, 2001, का.आ. सं. 476 (अ), द्वारा

(छ) 27 सितंबर 2002 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (जांच अधिकारी द्वारा जांच करने और शास्ति अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया) विनियम, 2002, का. आ. सं. 1045(अ), द्वारा

(ज) 04 जुलाई 2003 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (डिबेंचर न्यासी) (संशोधन) विनियम, 2002, सं. का.आ. 763 (अ) द्वारा

संशोधित हुआ था ।

NOTIFICATION

Mumbai, the 1st October, 2003

Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 2003

S.O. 1155(E).— In exercise of the powers conferred by section 30 of the Securities and Exchange Board of India Act, 1992 (15 of 1992), the Board hereby makes the following regulations further to amend the Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) Regulations, 1993, namely:-

1. (i) These regulations may be called the Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 2003.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) Regulations, 1993 -

a. For the existing Schedule III, the following schedule III shall be substituted, namely : -

"*Schedule III*

Securities and Exchange Board of India
(Debenture Trustees) Regulations, 1993
[Regulation 16]

CODE OF CONDUCT

1. A Debenture Trustee shall make all efforts to protect the interests of debenture holders.

2. A debenture Trustee shall maintain high standards of integrity, dignity and fairness in the conduct of its business.

3. A Debenture Trustee shall fulfill its obligations in a prompt, ethical and professional manner.

4. A Debenture Trustee shall at all times exercise due diligence, ensure proper care and exercise independent professional judgment.

5. A Debenture Trustee shall take all reasonable steps to establish the true and full identity of each of its clients, and of each client's financial situation and maintain record of the same.

6. A Debenture Trustee shall ensure that any change in registration status / any penal action taken by Board or any material change in financial position which may adversely affect the interests of clients /debenture holders is promptly informed to the clients and any business remaining outstanding is transferred to another registered intermediary in accordance with any instructions of the affected clients.

7. A Debenture Trustee shall avoid conflict of interest and make adequate disclosure of its interest.

8. A Debenture Trustee shall not divulge to anybody either orally or in writing, directly or indirectly, any confidential information about its clients which has come to its knowledge, without taking prior permission of its clients, except where such disclosures are required to be made in compliance with any law for the time being in force.

9. A Debenture Trustee shall put in place a mechanism to resolve any conflict of interest situation that may arise in the conduct of its business or where any

conflict of interest arises, shall take reasonable steps to resolve the same in an equitable manner.

10. A Debenture Trustee shall make appropriate disclosure to the client of its possible source or potential areas of conflict of duties and interest while acting as Debenture Trustee which would impair its ability to render fair, objective and unbiased services.

11. A Debenture Trustee shall not indulge in any unfair competition, which is likely to harm the interests of other trustees or debenture holders or is likely to place such other debenture trustees in a disadvantageous position while competing for or executing any assignment nor shall it wean away the clients of another trustee on assurance of lower fees.

12. A Debenture Trustee shall not discriminate among its clients, except and save on ethical and commercial considerations.

13. A Debenture Trustee shall share information available with it regarding client companies, with registered credit rating agencies.

14. A Debenture Trustee shall provide clients and debenture holders with adequate and appropriate information about its business, including contact details, services available to clients, and the identity and status of employees and others acting on its behalf with whom the client may have to contact.

15. A Debenture Trustee shall ensure that adequate disclosures are made to the debenture holders, in a comprehensible and timely manner so as to enable them to make a balanced and informed decision.

16. A Debenture Trustee shall endeavor to ensure that-

a. Inquiries from debenture holders are adequately dealt with;

b. Grievances of debenture holders are redressed in a timely and appropriate manner;

c. Where a complaint is not remedied promptly, the debenture-holder is advised of any further steps which may be available to the debenture holder under the regulatory system.

17. A Debenture Trustee shall make reasonable efforts to avoid misrepresentation and ensure that the information provided to the debenture holders is not misleading.

18. A Debenture Trustee shall maintain required level of knowledge and competency and abide by the provisions of the Act, regulations and circulars and Guidelines. The Debenture Trustee shall also comply with the award of the Ombudsman passed under Securities and Exchange Board of India (Ombudsman) Regulations, 2003.

19. A Debenture Trustee shall not make untrue statement or suppress any material fact in any documents, reports, papers or information furnished to the Board.

20. A Debenture Trustee or any of its directors, partners or manager having the management of the whole or substantially the whole of affairs of the business, shall not either through its account or their respective accounts or through their associates or family members, relatives or friends indulge in any insider trading.

21. A Debenture Trustee shall ensure that the board is promptly informed about any action, legal proceeding etc. initiated against it in respect of any material breach or non compliance by it, of any law, rules, regulations directions of the board or of any other regulatory body.

22. (a) A Debenture Trustee or any of his employees shall not render, directly or indirectly, any investment advice about any security in the publicly accessible media, whether real-time or non real-time unless a disclosure of his interest

including long or short position in the said security has been made, while rendering such advice.

(b) In case, an employee of the Debenture Trustee is rendering such advice, the Debenture Trustee shall ensure that he discloses his interest, the interest of his dependent family members and that of the employer, including their long or short position in the said security, while rendering such advice.

23. A Debenture Trustee shall ensure that any person it employs or appoints to conduct business is fit and proper and otherwise qualified to act in the capacity so employed or appointed (including having relevant professional training or experience).

24. A Debenture Trustee shall ensure that it has adequate resources to supervise diligently and does supervise diligently persons employed or appointed by it to conduct business on its behalf.

25. A Debenture Trustee shall have internal control procedures and financial and operational capabilities which can be reasonably expected to protect its operations, its clients, debenture holders and other registered entities from financial loss arising from theft, fraud, and other dishonest acts, professional misconduct or omissions.

26. A Debenture Trustee shall be responsible for the acts or omissions of its employees and agents in respect to the conduct of its business.

27. A Debenture Trustee shall provide adequate freedom and powers to its compliance officer for the effective discharge of its duties.

28. A Debenture Trustee shall ensure that the senior management, particularly decision makers have access to all relevant information about the business on a timely basis.

29. A Debenture Trustee shall ensure that good corporate policies and corporate governance is in place.

30. A Debenture Trustee shall develop its own internal code of conduct for governing its internal operations and laying down its standards of appropriate conduct for its employees and officers in the carrying out of their duties. Such a code may extend to the maintenance of professional excellence and standards, integrity, confidentiality, objectivity, avoidance of conflict of interests, disclosure of shareholdings and interests etc.

31. A Debenture Trustee shall not be party to -

i. Creation of false market;

ii. Price rigging or manipulation;

iii. Passing of unpublished price sensitive information in respect of securities which are listed and proposed to be listed in any stock exchange to any person or intermediary.

[F.No. SEBI/LAD/DOP/18336/2003]
GYANENDRA NATH BAJPAI, Chairman

Foot Note :

1. Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) Regulations, 1993, the principal regulation was published in the Gazette of India on December 29, 1993, vide No. SEBI/LE/12/93.

2. It was subsequently amended –

(a) on November 28, 1995 by the Securities and Exchange Board of India (Payment of Fees) (Amendment) Regulations, 1995 vide No. S.O. 939 (E).

(b) on January 5, 1998 by the Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 1998 vide No. S.O.16 (E).

(c) on September 30, 1999 by the Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 1999 vide No. S.O. 795 (E).

(d) on February 17, 2000 by Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 2000 vide No. S.O. 135 (E).

(e) on March 28, 2000 by Securities and Exchange Board of India (Appeal to Securities Appellate Tribunal) (Amendment) Regulations, 2000 vide No. S.O. 278 (E).

(f) on May 29, 2001 by Securities and Exchange Board of India (Investment Advice by Intermediaries) (Amendment) Regulations, 2001 vide No. S.O. 476 (E).

(g) on September 27, 2002 by Securities and Exchange Board of India (Procedure for Holding Enquiry by Enquiry Officer and Imposing Penalty) Regulations, 2002 vide No. S.O. 1045 (E).

(h) on July 04, 2003 by Securities and Exchange Board of India (Debenture Trustees) (Amendment) Regulations, 2003 vide No. S.O. 763 (E).

****

अधिसूचना

मुम्बई, 1 अक्तूबर, 2003

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2003

का.आ. 1156(अ).— बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) विनियम, 1996 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1.(i) इन विनियमों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2003 कहा जा सकेगा ।

(ii) वे राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार और सहभागी) विनियम, 1996 में -

क. विनियम 20 के पश्चात्, विनियम 21 के पूर्व, निम्नलिखित नया विनियम अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात् :-

" सहभागी - आचार संहिता का पालन करना

20क प्रमाणपत्र धारण करने वाला सहभागी, सभी समयों पर, तीसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट आचार संहिता का पालन करेगा ।"

ख. दूसरी अनुसूची के पश्चात्, निम्नलिखित तीसरी अनुसूची अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

" *तीसरी अनुसूची*

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
(निक्षेपागार और सहभागी) *विनियम, 1996*

[विनियम 20क]

सहभागियों के लिए आचार संहिता

1. सहभागी विनिधानकर्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए समस्त प्रयास करेगा ।

2. सहभागी सदैव -

   क. ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव सलाह देने का प्रयास करेगा ग्राहकों की आवश्यकताओं और परिवेश और उसके स्वयं के व्यावसायिक कौशल को ध्यान में रखते हुए ;

   ख. सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि समस्त वृत्तिक व्यौहार तत्पर, दक्ष और प्रभावी रीति में किये जाते हैं ;

   ग. प्रयास करेगा कि विनिधानकर्ताओं से पूछताछों पर पर्याप्त रूप से कार्यवाही की जाती है ;

   घ. प्रयास करेगा कि विनिधानकर्ताओं की शिकायतों को बिना किसी विलंब के दूर किया जाता है ।

3. सहभागी इसके कारबार के संचालन में इसके ग्राहकों और अन्य मध्यवर्तियों के साथ इसके समस्त व्यौहारों में सत्यनिष्ठा के उच्च मानक बनाये रखेगा ।

4. सहभागी हिताधिकारी स्वामी खाते को खोलने, अभौतिकीकरण अनुरोध प्ररूप, पुन:भौतिकीकरण अनुरोध प्ररूप को प्रेषित करने और नामे अनुदेश पर्ची के निष्पादन में और हिताधिकारी स्वामियों की ओर से उसके द्वारा किये गये समस्त अन्य क्रियाकलापों में तत्पर रहेगा और तत्परता बरतेगा ।

5. सहभागी इसके खिलाफ या इसके द्वारा किये गये क्रियाकलापों की बाबत समस्त शिकायतों का यथासंभव शीघ्र निवारण करने का प्रयास करेगा, और प्राप्ति के एक मास के अपश्चात्।

6. सहभागी हिताधिकारी स्वामियों को समुचित अग्रिम सूचना दिये बिना दी गई सेवाओं के लिए प्रभारों / फीस को नहीं बढ़ायेगा ।

7. सहभागी किसी अऋजु प्रतियोगिता में लिप्त नहीं होगा, जिससे अन्य सहभागियों या विनिधानकर्ताओं के हितों को अपहानि होने की संभावना है या ऐसे अन्य सहभागियों के प्रतिकूल स्थिति में आ जाने की संभावना है किसी कर्तव्यभार हेतु प्रतियोगिता या के निष्पादन के समय ।

8. सहभागी ग्राहकों को बढ़ा-चढ़ाकर कोई कथन नहीं करेगा चाहे मौखिक हो या लिखित न तो कतिपय सेवाएँ देने में इसकी योग्यताओं या क्षमताओं के बारे में न ही अन्य ग्राहकों को दी गई सेवाओं के संबंध में इसकी उपलब्धियों के बारे में ।

9. सहभागी अन्य ग्राहकों, प्रेस या किसी अन्य व्यक्ति को इसके ग्राहकों के बारे में कोई जानकारी प्रकट नहीं करेगा जो इसकी जानकारी में आ गयी हो, ग्राहकों के अनुमोदन / प्राधिकरण अथवा जब किसी अधिनियम, नियमों या विनियमों की अपेक्षाओं के अधीन जानकारी प्रकट करना अपेक्षित हो के बिना ।

10. सहभागी बोर्ड के साथ सहयोग करेगा जब कभी भी अपेक्षित हो ।

11. सहभागी ज्ञान और सक्षमता का अपेक्षित स्तर बनाये रखेगा और अधिनियम, बोर्ड द्वारा जारी नियमों, विनियमों और परिपत्रों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के उपबंधों का पालन करेगा। सहभागी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अधिनिर्णायक) विनियम, 2003 के अधीन पारित अधिनिर्णायक के पंचाट का भी अनुपालन करेगा ।

12. सहभागी बोर्ड को प्रस्तुत किन्हीं दस्तावेजों, रिपोर्टों, कागजपत्रों या जानकारी में कोई असत्य कथन नहीं करेगा या कोई तात्विक तथ्य नहीं छिपायेगा ।

13. सहभागी बोर्ड या अन्य एजेंसियों जिनके पास यह रजिस्ट्रीकृत है को ऐसी बहियाँ, दस्तावेज, पत्राचार, और कागजपत्र या उनका कोई भाग प्रस्तुत करने की उपेक्षा नहीं करेगा या में विफल नहीं होगा या से इंकार नहीं करेगा जैसी समय-समय पर मांग / अनुरोध किया जाये।

14. सहभागी सुनिश्चित करेगा कि बोर्ड को बोर्ड की या किसी अन्य विनियामक निकाय की किसी विधि, नियमों, विनियमों, निदेशों के किसी तात्विक भंग या की इसके द्वारा अननुपालना की बाबत इसके खिलाफ शुरु की गई किसी कार्रवाई, विधिक कार्यवाहियों आदि की सूचना तत्परता से दी जाती है ।

15. सहभागी समस्त रूपों में प्राप्त समस्त प्रकारों की डाक के लिए समुचित आवक-डाक प्रणाली बनाये रखेगा ।

16. सहभागी आँकड़ों की यथार्थता को सुनिश्चित करने के लिए और अनधिकृत संव्यवहार की पड़ताल करने के लिए व्यवस्था के तौर पर इसके समस्त क्रियाकलापों में मेकर-चैकर संकल्पना का अनुसरण करेगा ।

17. सहभागी यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और आवश्यक कदम उठायेगा कि आँकड़ों और अभिलेख को रखने की निरंतरता को बनाये रखा जाता है और कि आँकड़े या अभिलेख खोते या नष्ट नहीं होते हैं । यह भी सुनिश्चित करेगा कि इलैक्ट्रॉनिक अभिलेख और आँकड़ों के लिए, इसके पास सदैव अद्यतन बैक-अप उपलब्ध है ।

18. सहभागी इसके अनुपालना अधिकारी को उसके कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता और शक्तियाँ देगा ।

19. सहभागी सुनिश्चित करेगा कि इसके पास समाधानप्रद आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाएँ उपलब्ध हों और साथ ही पर्याप्त वित्तीय तथा प्रचालनगत क्षमताएँ हों जो चोरी, कपट, और अन्य बेईमानी के कृत्यों, वृत्तिक अवचार या लोपों के कारण उद्भूत किन्हीं हानियों से सावधानी बरतने के लिए युक्तियुक्त रूप से प्रत्याशित हो सकती हैं ।

20. सहभागी इसके कारबार के संचालन की बाबत इसके कर्मचारियों और एजेंटों के कृत्यों या लोपों के लिए जिम्मेदार होगा ।

